Daily COVID-19 Updates

06 July, 2020

Dr. Syama Prasad Mookerjee Research Foundation

#AatmaNirbharBharatAbhiyan
#IndiaFightsCorona

4,24,433 people affected with coronavirus recovered in country so far. Recovery rate reaches 60.85%.

The total number of samples tested up to 5th July is 99,69,662 of which 1,80,596 samples were tested yesterday: Indian Council of Medical Research (ICMR).

While Delhi and Maharashtra capped testing prices at ₹2,200, other states have variable rates. Therefore, ICMR is considering a mandatory cap on prices pan-India.

11,300 'Make in India' ventilators dispatched to States/UTs/Central Hospitals.

@spmrfoundation @spmrf.org

06 July 2020

COVID-19 Tracker

As on 6th July, till 8 AM

Confirmed Cases	697,413	(▲24,248)
Active Cases	253,287	(▲8,473)
Cured*	424,433	(▲15,350)
Deaths	19,693	(▲425)



Statewise - Confirmed Cases (4000+)



Cured vs. Deaths



*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs

@COVIDNewsByMIB

कोरोना वायरस से निपटने के साथ ही आत्मनिर्भरता की ओर भी भारत ने कदम बढ़ा दिए हैं

पूरा विश्व के समक्ष वर्तमान में कोरोना वायरस सबसे बड़ा संकट हैऔर एक तरफ जहाँ विश्व केविकसित देश भीइसके बढ़ते प्रकोप से बच नहीं पाए हैं. वहीं दूसरी तरफ भारत ने इस वैश्विक संकट में हर किसी को इससे निपटने की अपनी शैली से प्रभावित किया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने स्वयं इससे मुकाबले में खुद को खपा दिया है. इसी का नतीजा है कि ऐसे संकट में भी पूरा विश्व उनके नेतृत्व का लोहा मान रहा है और उनकी लोकप्रियता इस दौरान भी निरंतर बढ़ती गई है.कोरोना से संक्रमित मरीजों के ठीक होने की दर का 38.29 प्रतिशत तक पहुँच जाना इस कुशल नेतृत्व का परिचायक है. गौरतलब है कि अब देश में हर रोज1 लाख लोगों कीटेस्टिंग हो रही है. इस संकट के दौर में भारतीय रेलवे ने भी अपनी महती भूमिका निभाते हुए अबतक 10 लाख से अधिक प्रवासी मजदूरों को उनके गंतव्यों तक पहुँचाया है. जब पूरा विश्व इसमहामारी से जूझ रहा है तब अर्थव्यवस्था को भी सँभालना अति आवश्यक हो जाता है. इस मोर्चे पर भी मोदी सरकार नेगरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से गरीबों को सहारा दिया है. हाल ही में देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20 लाख करोड़ रुपए का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित किया गया था. इसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था को सहारा देने के साथ ही एक 'आत्मनिर्भर भारत' का निर्माण करना भी था. जिसका पूरा ब्यौरादेश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा दिया गया. इस विशेष आर्थिक पैकेज के अंतर्गतकिसानों, श्रमिकों, ग़रीब वर्ग, लघु व्यापारियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, कोयला, खनन, बिजली, दूरसंचार आदि क्षेत्रों के लिए कई विशेष उपायों की घोषणा की गई. जिससे आने वाले कुछ वर्षों में सकारात्मकआर्थिक परिणाम देखने को मिलेंगे. मनरेगा के तहत 40,000 करोड़ रूपए की अत्यधिक राशि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगी. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग देश में कृषि क्षेत्र के बाद सबसे अधिक रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराता हैं, अतः इन क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखते हुए केंद्र की मोदी सरकारने घोषणा की है कि बैंकों द्वारा इन्हें 3 लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त ऋण प्रदान किये जाएँगे, जिसकी गारंटी केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी. इसके अतिरिक्त रक्षा क्षेत्र में एफडीआई कोबढ़ाकर 74 प्रतिशत करने से इस क्षेत्र मेंनौकरियों का सृजन होने के साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और देश नए आधुनिक हथियारों का निर्माण कर सकेगा, जोराष्ट्र सुरक्षा की दृष्टि से भी आवश्यक है. गौरतलब है कि देश में पीपीई मॉडल के तहत एअरपोर्ट,

सरकारी संस्थाओं का निजीकरण और पॉवर केक्षेत्र मेंलिए गए निर्णय तथा एटॉमिक रिसर्च सेंटर का निर्माण आदि ये सभी कदम भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करने में सहायक होंगे.

Positive India:

1. केंद्र सरकार का टेस्टिंग बढ़ाने, कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और क्लीनिकल मैनेजमेंट पर जोर, देश में पॉजिटिविटी रेट 6.73 फीसद– https://www.jagran.com/news/national-central-government-to-increase-testing-contact-tracing-and-clinical-management-positivity-rate-near-7-percent-in-country-20480196.html

2. Madhya Pradesh : ग्वालियर में मास्क नहीं पहना तो जुर्माने के साथ ही देनी होगी अस्पतालों में ड्यूटी– https://www.jagran.com/news/national-not-wearing-mask-in-gwalior-madhya-pradesh-work-as-volunteer-in-hospital-20480063.html

3. Coronavirus Vaccine: कोरोना वायरस के अंत की शुरुआत, दो वैक्सीन का ह्यूमन ट्रायल सुखद संकेत : वेंकटेश्वरन– https://www.jagran.com/news/national-beginning-of-the-end-of-coronavirus-pandemic-says-scientist-in-article-20479276.html

4. देश में संक्रमितों का आंकड़ा बढ़ने के साथ तेजी से हो रहे कोरोना परीक्षण, अबतक हुए 1 करोड़ से ज्यादा टेस्ट– https://www.jagran.com/news/national-covid19-tests-in-india-cross-the-1-crore-tests-said-by-icmr-official-20479726.html

5. India Coronavirus News: छह लाख 97 हजार से ज्यादा केस, चार लाख 24 हजार से अधिक मरीज ठीक हुए– https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-news-more-than-six-lakh-97-thousand-cases-reported-and-above-4-lakh-24-thousand-cured-20479510.html

6. COVID-19: गोवा सरकार ने मामले बढ़ने पर कोरोना टेस्ट का दायरा बढ़ाया– https://www.jagran.com/news/national-covid19-goa-government-extends-corona-test-scope-as-cases-grow-20479553.html

7. निजी अस्पतालों को सरकार की चेतावनी, कोरोना मरीजों का नहीं किया इलाज तो दर्ज होगा आपराधिक केस–

https://www.jagran.com/news/national-strict-action-against-private-hospitals-for-refusing-to-treat-covid19–patients-20479541.html

8. केरल में मास्क पहनने और दो गज की दूरी का नियम साल भर के लिए लागू, कुछ नए कानून भी जोड़े– https://www.jagran.com/news/national-kerala-govt-implements-additional-regulations-regarding-epidemic-disease-ordinance-for-one-year-amid-covid-crisis-20478124.html

9. श्रमिकों को वापस लाने के लिए राज्यों से बात कर रहा रेलवे बोर्ड, अभी तक 7 हजार को लाया गया वापस- https://www.livehindustan.com/national/story-railway-board-is-in-contact-with-states-to-return-workers-3330223.html

10. Researchers Develop 'Human Cell Chip' Capable Of Speeding-Up Monitoring Of COVID-19 Drug Candidate- https://swarajyamag.com/insta/researchers-develop-human-cell-chip-capable-of-speeding-up-monitoring-of-covid-19-drug-candidate

India Fights Corona (Updates):

भारत में पिछले 24घंटे में कोरोना वायरस के 24,248 नए मामले सामने आए हैं और 425 लोगों की मौत हुई है। COVID19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 6,97,413 है जिसमें 2,53,287 सक्रिय मामले, 4,24,433 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले और 19,693 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

5 जुलाई (कल) तक कुल 99,69,662 सैंपल का टेस्ट किया गया, जिनमें से 1,80,596 सैंपल का टेस्ट कल किया गया: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

राजस्थान में आज सुबह 8:30 बजे तक कोरोना वायरस के 99 नए मामले सामने आए हैं और 3 मौतें हुई हैं। राज्य में अब COVID19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 20,263 और कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा 459 है। कोरोना वायरस सक्रिय मामलों की संख्या 3,836 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

ओडिशा में कोरोना वायरस के 456 नए मामले सामने आए हैं और 290 लोग कोरोना वायरस से ठीक हुए हैं। राज्य में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 9,526 है जिसमें 3,254 सक्रिय मामले और 6,224 ठीक हो चुके मामले शामिल हैं: सूचना और जनसंपर्क विभाग, ओडिशा सरकार

दिल्ली में कोरोना वायरस के मरीज़ों की कुल संख्या 1 लाख पहुंच गई है लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इनमें से लगभग 72,000 मरीज़ ठीक हो गए हैं, दिल्ली में ठीक होने वालों का प्रतिशत 72 हो गया है: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

जून महीने में जब हम 100 लोगों का टेस्ट करते थे तो उनमें से 35 लोग कोरोना के मरीज़ निकलते थे, अब 100 लोगों का टेस्ट करने पर 11 मरीज़ मिलते हैं। दिल्ली में अब रोज़ 20,000-24,000 टेस्ट हो रहे हैं: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

जब तक कोरोना की वैक्सीन नहीं आ जाती इसका इलाज नहीं है। लेकिन तब तक,जो ट्रायल आए हैं उससे पता चला कि प्लाज्मा से लोगों को मदद मिलती है। पिछले हफ्ते हमने देश का पहला कोरोना बैंक बनाया।अब तक दिल्ली में प्लाज्मा लेने वालों की अफरा तफरी मची हुई थी अब वो कम हुई है:दिल्ली के मुख्यमंत्री

बिहार में आज कोरोना वायरस के 276 नए मामले सामने आए हैं, राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 12,140 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

पिछले 24 घंटों में 933 नए पॉजिटिव मामले, लगभग 348 लोगों को डिस्चार्ज और 24 मौतें रिपोर्ट की गईं। कुल एक्टिव केसों की संख्या 8718, कुल डिस्चार्ज 19109 और मरने वाले लोगों की कुल संख्या 809 हो गई है: अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, यूपी

पिछले 24 घंटों में 25918 सैंपल टेस्ट किए गए। अब तक कुल 8,87,997 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं: अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, यूपी

दिल्ली में हमारे पास कुल साढ़े 15000 बेड हैं। अभी दिल्ली में 5100 मरीज हैं यानि अभी भी 10000 बेड खाली हैं। ICU बेड को बढ़ाने पर हमारा ध्यान है पहले राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 45 ICU बेड थे जो बढ़ाकर 200 ICU बेड हो गए हैं: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

कई राज्यों ने COVID19 पॉजिटिविटी दर राष्ट्रीय औसत 6.73% से भी कम रिपोर्ट की है। उनके प्रति मिलियन टेस्ट भी राष्ट्रीय औसत से अधिक हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

कोरोना काल में भी वैश्विक वित्तीय संस्थानों के भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसे की वजह क्या है?

वैश्विक स्तर पर कई वित्तीय संस्थानों जैसे विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आदि ने वैश्विक अर्थव्यवस्था एवं विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर कोरोना महामारी के कारण होने वाले सम्भावित प्रभाव का आँकलन करने का प्रयास किया है।

इसी कड़ी में, अभी हाल ही में ऑर्गनाइज़ेशन फॉर इकोनोमिक को–ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) ने भी विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर कोरोना संकट के दुष्प्रभाव का आँकलन किया है। इस प्रतिवेदन में यह तथ्य उभर कर सामने आया है कि भारत की अर्थव्यवस्था पर कोरोना संकट का सबसे कम प्रभाव पड़ेगा।

सर्वाधिक प्रभाव ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पर होने का अनुमान लगाया गया है, जहां सकल घरेलू उत्पाद में 11.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। इसके बाद फ्रांस और इटली जैसे देशों के सकल घरेलू उत्पाद में भारी गिरावट का आँकलन है।

वैश्विक स्तर पर वर्ष 2020 में पिछले साल की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में 6 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। परंतु वैश्विक स्तर पर यदि कोरोना संक्रमण का दूसरा दौर शुरू होता है तो यह अनुमान बताता है कि वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में 7.6 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।ऐसा कहा जा रहा है कि कोरोना वायरस जैसी महामारी पिछले 100 वर्षों में कभी नहीं देखी गई है। कुछ मायनों में कोरोना वायरस महामारी वर्ष 1918 में हुई दुर्घटना से भी अधिक भयावह है। अतः इसके प्रभाव भी आर्थिक एवं स्वास्थ्य के क्षेत्रों में बहुत अधिक गम्भीर हो रहे हैं। पूरे विश्व में आज कोई टीका अथवा दवाई उपलब्ध नहीं है जिससे इस आपदा को फैलने से रोका जा सके। बल्कि, विश्व के कुछ देशों में तो यह महामारी अभी भी बड़ी तेज़ी से फैलती जा रही है।

Source: http://www.nationalistonline.com/2020/07/05/what-is-the-reason-for-global-financial-institutions-trusting-india-in-corona-era/



Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey